<u>13–05–2026</u>

बार–बार पुकार कराई गई। याचीगण बसन्त कुमार आदि व उनके अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित नहीं है। विपक्षीगण 1 व 2 के अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित है। गत तारीख पेशी दिनांक 05–05–2026 को भी प्रार्थीगण बसन्त कुमार आदि व उनके अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित नहीं थे जिसके कारण उन्हें न्यायहित में एक अवसर देते हुए आज दिनांक 13–05–2026 की तिथि सुनवाई हेतु नियत की गयी थी और दिनांक 05–05–2023 को न्यायालय द्वारा यह भी आदेश पारित किया गया था कि यदि नियत दिनांक 13–05–2026 को प्रार्थीगण बसन्त कुमार आदि अथवा उनके अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रार्थीगण बसन्त कुमार आदि का यह स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र 4क/1 ता 4क/3 खारिज कर दिया जायेगा। प्रार्थीगण बसन्त कुमार आदि अथवा उनके अधिवक्ता आज भी न्यायालय में उपस्थित नहीं है। अतः प्रार्थीगण बसन्त कुमार आदि का स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र 4क/1 ता 4क/3 खारिज किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

जिला जज
चन्दौली।

Digitally signed by DIWAKAR PRASAD CHATURVEDI
Date: 2026.05.14 10:48:22 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court